# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, सुल्तानपुर

Email- cdosultanpur@gmail.com Phone No.:- 05362-241330

**जनपद–सुलतानपुर के जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यो की दिनांक 17.07.2026 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त –**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारी / कर्मचारी / एजेंसियों के फर्म प्रतिनिधि उपस्थित थे।

1. श्री वकार हुसैन, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
2. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, परि0प्रब0, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0), सुलतानपुर।
3. श्री हरेन्द्र भाम्भू, परि0प्रब0 मेसर्स यू0एम0पी0ई0एस0एल0, सुलतानपुर।
4. श्री अंकित उपाध्याय,परि0प्रब0, मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे0वी0) / एम0आई0आर0पी0पी0एल0, सुलतानपुर।
5. श्री विशाल, इंजीनियर, डी0पी0एम0, मेसर्स टी0पी0आई0, सुलतानपुर।
6. श्री शिवमूर्ति सिंह, डी0सी0–डी0पी0एम0यू0–आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 1707 आबाद राजस्व ग्राम है, जिसमें से 70 राजस्व ग्राम 40 नग पुरानी पाइप पेयजल योजनाओं में सम्मिलित है एवं 1637 राजस्व ग्राम जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 658 नग पाइप पेयजल योजनाओं में सम्मिलित है। पुरानी पाइप पेयजल योजनाओं पर संचालन एवं अनुरक्षण की धनराशि न होने के कारण योजनायें बंद / आंशिक जलापूर्ति में है। वर्तमान में ग्राम पंचायत–मुरैनी, कुड़वार, सूरजभानपट्टी, मल्हीपुर, मनियारपुर एवं गोपालपुर सराय ख्वाजा में आंशिक / पूर्ण रूप से पेयजल योजना संचालित है। पुरानी पाइप पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु जल निगम मुख्यालय स्तर से निविदा आमंत्रित कर जनपद सुलतानपुर में मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी को नामित किया गया है। मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ के पत्रांक 1525 / 011–O&M DPR/26 दिनांक 15.07.2026 द्वारा जनपद सुलतानपुर के 38 नग पाइप पेयजल योजनाओं के मरम्मत हेतु धनराशि निर्गत की गई है। मेसर्स यूनिवर्सल द्वारा पुरानी पाइप पेयजल योजनाओं पर अनुरक्षण एवं संचालन का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–02 एवं फेज–03 में कुल तीन फर्मो को पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु नामित किया गया है। जिनके द्वारा कुल 658 नग पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। योजनाओं की प्रगति का विवरण निम्नानुसार है–

**मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे0वी0)**–जनपद सुलतानपुर में फेज 02 के अन्तर्गत 67 राजस्व में 49 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 19.06.26 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 17.07.26 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 49 नग | 29 नग | 31 नग |
| 2 | नलकूप | 70 नग | 70 नग | 70 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 70 नग | 67 नग | 67 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 70 नग | 46 नग | 47 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 1065 किमी0 | 1061 किमी0 | 1061 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 35859 नग | 35258 नग | 35258 नग |
| 7 | पूर्ण / O&M योजनाओं की संख्या | 49 नग | 08 नग | 09 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामों की संख्या | 67 ग्राम | 40 नग | 46 नग |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 67 नग | 18 नग | 18 नग |

मेसर्स गायत्री–रैमकी जेवी के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अंकित उपाध्याय से जनपद में फर्म द्वारा धीमी प्रगति से कार्य कराने के संदर्भ मे जानकारी चाही गई जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा सितम्बर, 2026 तक उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण करने हेतु पूर्व मे अवगत कराया गया है, जिस पर फर्म द्वार कार्य कराया जा रहा है माह सितम्बर, 2026 तक उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण कराया जायेगा। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखण्ड–दूबेपुर की बधुआकला पाइप पेयजल योजना में अप्रोच रोड न होने के कारण कार्य बंद है व विकासखण्ड–करौंदीकला की अमरेमऊ पेयजल योजना मे द्वितीय नलकूप निजी भूमि में निर्मित हो जाने के कारण पम्पहाउस का निर्माण नही हो पा रहा है। डी0सी0–डी0पी0एम0यू0, सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा सदर एवं कादीपुर तहसील पर उपरोक्त दोनों प्रकरणों के संदर्भ में उपजिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित किया गया है। निस्तारण की कार्यवाही प्रक्रिया मे है।

➤ **मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0)**–जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 1260 राजस्व में 482 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 19.06.26 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 17.07.26 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 484 नग | 95 नग | 106 नग |
| 2 | नलकूप | 515 नग | 514 नग | 514 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 515 नग | 488 नग | 488 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 515 नग | 395 नग | 395 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 10431 किमी0 | 10371 किमी0 | 10371 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 249595 नग | 240227 नग | 240227 नग |
| 7 | पूर्ण/O&M योजनाओं की संख्या | 482 नग | 37 नग | 40 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामों की संख्या | 1260 ग्राम | 210 नग | 222 नग |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 1260 नग | 89 नग | 91 नग |

फर्म विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी, नोएडा द्वारा जनपद के प्रोजेक्ट मैनेजर धीरेन्द्र प्रताप सिंह से कार्यो को कब तक पूर्ण कराया जायेगा के सम्बन्ध में जानकारी चाही गई। जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि पिछले एक माह में 11 नग उच्च जलाशय जहां हाइड्रोटेस्टिंग का कार्य नहीं हुआ था वहां हाइड्रोटेस्टिंग कराकर उच्च जलाशय को पूर्ण कराया गया है तथा अतिरिक्त 20 नग उच्च जलाशय के हाईड्रोटेस्टिंग कराने का कार्य प्रगति पर है जिससे पूर्ण उच्च जलाशयों की संख्या 126 हो जायेगी। पम्पहाउस निर्माण एवं सोलर अधिष्ठापन व सचालन हेतु अवगत कराया गया कि दोनो ही कम्पोंपेट पर मैनपावर मोबालाइज कर लगाई गई है अगले माह तक दोनों कम्पोंनेट में प्रगति नजर आयेगी तथा यह भी अवगत कराया गया कि साइट पर 828 मैनपावर उपलब्ध है, जिसको 15 अगस्त, 2026 तक 1500 मैनपावर तक पहुंचा लिया जायेगा।

प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा कई साइटों पर वृक्षों का कटान न होने के कारण सोलर अधिष्ठापन नहीं होने के संदर्भ मे अवगत कराया गया व यह भी बताया गया कि वृक्षों के कटान हेतु शुल्क कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, सुलतानुर मे जमा किया जा चुका है। जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया कि वृक्षों के कटान हेतु प्रभागीय वनाधिकारी, सुलतानपुर को पत्र प्रेषित करवायें।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स विन्ध्या टेलीलिक–गाजा जेवी, के कार्यक्षेत्र विकासखण्ड–लम्भुआ व पी0पी0 कमैंचा में किसी भी योजना पर कोई कार्य प्रगति पर नहीं है व फर्म द्वारा अपने पेटी कान्टेक्ट्ररों के भुगतान न करने के कारण पेटी कान्टेक्ट्ररों की शिकायतें जिलाधिकारी महोदय के जनता दर्शन/आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त हो रही है व योजनाओं पर तैनात चौकीदार/पम्प आपरेटरों की सैलरी में भी विकासखण्ड स्तर पर भिन्नता है। पूर्व में जिन चौकीदार/पम्पआपरेंटर को 8000–10000 रूपये दिये जा रहे थे उन्हे अब 3000–5000 रूपये दिये जा रहे है, जिसके कारण शिकायतें अत्यधिक प्राप्त हो रही है। जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि अब उनकी फर्म द्वारा एक सब फर्म के माध्यम से चौकीदार/पम्पआपरेटर को रखवाया जा रहा है जिससे एक समान सैलरी व एक समय पर सभी को उपलब्ध हो।

➤ **मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0 प्रो0 प्रा0लि0**–जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 310 राजस्व में 127 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 19.06.26 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 17.07.26 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 134 नग | 119 नग | 125 नग |
| 2 | नलकूप | 179 नग | 179 नग | 179 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 179 नग | 178 नग | 178 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 179 नग | 175 नग | 175 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 3082 किमी0 | 3069 किमी0 | 3069 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 80484 नग | 80155 नग | 80155 नग |
| 7 | पूर्ण/O&M योजनाओं की संख्या | 127 नग | 86 नग | 92 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामों की संख्या | 310 ग्राम | 295 नग | 295 नग |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 310 नग | 154 नग | 183 नग |

फर्म मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी के प्रोजेक्ट मैनेजर, श्री हारेन्द्र भाम्भू से शेष कार्यो को पूर्ण कराने की जानकारी चाही गई, जिस पर श्री हरेन्द्र भाम्भू प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि शेष सभी योजनाओं पर कार्य चल रहा है। वर्तमान में 134 नग उच्च जलाशय के सापेक्ष 125 नग उच्च जलाशयों से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शेष 11 नग उच्च जलाशयों में कार्य प्रगति पर है जिन्हे माह अगस्त, 2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा यह भी अवगत कराया गया है 19 नग पेयजल योजना 90–99 प्रतिशत के मध्म हैं जिन्हें जुलाई के अंत तक पूर्ण किया जायेगा, 11 नग योजनाएं 80–89 के मध्य है जिन्हे 15 अगस्त 2026 तक पूर्ण किया जायेगा तथा शेष 5 नग योजनाओं को अगस्त, 2026 के अंत तक पूर्ण कराया जायेगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि UPEIDA से योजनाओं में NOC प्राप्त नहीं हुई है जिसके कारण पाइप लाइन क्रासिंग नहीं हुई है उन्हीं योजनाओं के 1–2 मजरों में जलापूर्ति कराना छूटा हुआ है जैसे ही NOC प्राप्त होगी वहां भी पाइप लाइन क्रासिंग कराकर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा। NOC से प्राप्त करने हेतु निरन्तर UPEIDA से सम्पर्क किया जा रहा है। जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया कि NOC प्राप्त करने हेतु UPEIDA को पत्र प्रेषित करवायें।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि नल जल मित्र कार्यक्रम में 1441 व्यक्तियों को नामांकन किये जाने थे जिसके सापेक्ष 1441 व्यक्तियों का नामांकन किया जा चुका है, जल सेवा आंकलन 281 ग्रामों में किया जाना था जिसके सापेक्ष 280 ग्रामों में जल सेवा आंकलन किया जा चुका है व डिस्ट्रिक्ट इन्प्रूवमेंट प्लान भी ई–जलशक्ति पोर्टल पर भरा गया है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की सोर्स सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि० / यां०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जिसको राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित किया कर दिया गया है।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण), सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखण्ड–बल्दीराय के डेहरियावां पाइप पेयजल योजना पर सोलर के तार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काटने के कारण योजना पर पेयजल आपूर्ति बाधित है जिसके संदर्भ में फर्म गायत्री–रैमकी जेवी / मिलेनियम इन्फ्रा रियलिटी प्रोजेक्ट प्रा०लि० द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सोलर केबल कटने या चोरी होने की शिकायतें कई योजनाओं पर प्राप्त हुई है जिसका निस्तारण फर्म द्वारा कराया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग / विद्युत विभाग / ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा विद्युत पोल लगाते समय पाइप लाइनों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। जिसके संदर्भ में निरन्तर विभागों को पत्राचार किया जा रहा है, जिससे ग्रामों में पेयजल जल आपूर्ति प्रभावित न हो। श्री शिवमूर्ति, जिला समन्वयक,डी०पी०एम०यू०, सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया है कि केवल 07 स्थलों पर भूमि विवाद निस्तारण / उपलब्धता की आवश्यकता है, जिसमें 03 कादीपुर तहसील, 02 सदर तहसील एवं 01 जयसिंहपुर तहसील से सम्बन्धित है जिसके निस्तारण हेतु उपजिलाधिकारियों से निरन्तर समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

**जल जीवन मिशन कार्यो की प्रगति बढ़ाने हेतु निम्नानुसार निर्देश दिये जाते है–**

1. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया है कि तीनों फर्मो से उच्च जलाशय, हाउस कनेक्शन, सोलर, पम्पहाउस व अन्य कार्यो पर लगी लेबर का स्थलवार विवरण प्राप्त करें।
2. फर्मो को निर्देश दिये गये कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त मार्गो को पुर्नस्थापित करने हेतु प्रत्येक पेयजल योजनाओं / ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना में प्रयुक्त होने वाली सामाग्रियों को पेयजल योजनावार आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए यथाशीघ्र पुर्नस्थापित कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।
3. कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण है एवं नियमित जलापूर्ति की जा रही व आंशिक कार्य शेष है उनको शीघ्र पूर्ण कराते हुये योजनाओं को अनुरक्षण एवं संचालन में ले जाना सुनिश्चित करें।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर को निर्देशित किया गया कि पेयजल योजनायें जहां धनराशि न होने के कारण कार्य बंद थे जिन पर समाचार पत्र में निगेटिव खबरें प्रकाशित हो रही है की सूची तैयार कर फर्मो से प्राथमिकता पर अधिक से अधिक मैनपावर व मशीनरी लगाकर कार्यो को पूर्ण करवायें जिससे नकारात्मक खबरे समाचार पत्र में प्रकाशित न हों।
5. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण व कार्यदायी फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि योजनाओं में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक माह नियमित रूप से जल गुणवत्ता की जॉच करायें।

6. तीनों फर्मों के प्रोजेक्ट हेड को निर्देशित किया गया कि नेशनल जल जीवन मिशन द्वारा एकल ग्राम पाइप पेयजल योजना एव बहुल्य ग्राम पाइप पेयजल योजनाओं की पूर्ण करने हेतु जो तिथि निर्धारित की गई है उसी तिथि में योजनाओं के कार्यो को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

7. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर को निर्देशित किया गया कि वृक्षों के कटान हेतु संभागीय वनाधिकारी, सुलतानपुर को पत्र प्रेषित करायें।

8. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर को निर्देशित किया गया कि भूमि अनुउपलब्धता व भूमि विवाद निस्तारण हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को पत्र प्रेषित करायें।

9. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में UPEIDA से NOC प्राप्त नहीं हुई है उन योजनाओं पर NOC प्राप्त करने हेतु UPEIDA को पत्र प्रेषित करवायें।

(विनय कुमार सिंह)
मुख्य विकास अधिकारी
सुलतानपुर।

पृ0सं0 4243 / W-30 / 41 दिनांक 21/07/2026

**प्रतिलिपिः**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या कैम्प—सुलतानपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
7. मेसर्स फिचनर—टी0पी0आई0, सुलतानपुर।
8. डिस्ट्रिक्ट—को ऑर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0—आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर।
9. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिह, परि0प्रब0, मेसर्स विध्या टेलीलिंक—गाजा (जे0वी0), सुलतानपुर।
10. श्री हरेन्द्र भाम्बू, परि0प्रब0, मेसर्स यू0एम0पी0ई0एस0एल0, सुलतानपुर।
11. श्री अंकित उपाध्याय, परि0प्रब0, मेसर्स गायत्री —रैमकी (जे0वी0) / एम0आई0आर0पी0पी0एल0, सुलतानपुर।

मुख्य विकास अधिकारी
सुलतानपुर।